# मध्यकालीन भारत का इतिहास

## भारत पर मुस्लिम आक्रमण

- भारत पर आक्रमण करने वाले प्रथम मुस्लिम आक्रमणकारी मूलतः कहाँ के निवासी थे? -अरब
- वर्ष 711 में भारत पर सर्वप्रथम मुस्लिम आक्रमण किसके नेतृत्व में किया गया? -उबैदुल्लाह

वर्ष 712 में मोहम्मद-बिन-कासिम ने सिंध के राजा दाहिर को पराजित कर थट्टा के समीप स्थित देवल बंदरगाह को अपने अधिकार में ले लिया था।

- सिंध के क्षेत्र में मोहम्मद-बिन-कासिम ने अंतिम विजय किस नगर पर प्राप्त की? -मुल्तान (स्वर्णनगरी) पर
- भारत में जजिया कर लगाने वाला प्रथम शासक कौन था? -मोहम्मद बिन कासिम
- सिंध क्षेत्र में अरबों द्वारा किसका प्रचलन प्रारम्भ किया गया? -ऊँट पालन तथा खजूर की खेती
- अरबों के पश्चात् भारत में किन विदेशी आक्रमणकारियों का आगमन हुआ? -तुर्कों का
- तुर्की में गजनवी वंश की स्थापना किसके द्वारा की गई थी? -अलप्तगीन गजनी के द्वारा
- भारत पर प्रथम तुर्की आक्रमण किसके द्वारा किया गया? -सुबुक्तगीन गजनी के द्वारा
- वर्ष 712 में भारत पर सर्वप्रथम सफल मुस्लिम आक्रमण करने वाला कौन था? -मोहम्मद बिन कासिम
- सुबुक्तगीन गजनी ने अपने आक्रमण के दौरान पश्चिमोत्तर भारत के किस हिंदूशाही शासक को पराजित किया था? -जयपाल को
- महमूद गजनवी द्वारा वर्ष 1025 में सोमनाथ मंदिर पर किए गए आक्रमण के दौरान गुजरात का शासक कौन था? -भीम प्रथम

महमूद गजनवी ने भारत पर 1000-1027 ई. के मध्य 17 बार आक्रमण किया। इसके आक्रमण का मुख्य उद्देश्य भारत की धन सम्पदा को लूटना था न कि साम्राज्य की स्थापना करना।

- महमूद गजनवी के साथ भारत आने वाला प्रसिद्ध इतिहासकार कौन था? -अलबरूनी

अलबरूनी द्वारा किताब-उल-हिन्द, उत्बी द्वारा किताब-उल-यामिनी तथा फिरदौसी (पूर्व का होमर) द्वारा शाहनामा नामक पुस्तक की रचना की गई थी।

- महमूद गजनवी के पश्चात् मोहम्मद गोरी द्वारा भारत पर प्रथम आक्रमण किस वर्ष किया गया? -वर्ष 1175 (मुल्तान)
- मोहम्मद गोरी को वर्ष 1178 में अन्हिलवाड़ा (पाटन) पर आक्रमण करने के दौरान किसके द्वारा पराजित किया गया? -भीम द्वितीय (मूलराज)
- तराइन का प्रथम एवं द्वितीय युद्ध किनके मध्य लड़ा गया? -मोहम्मद गोरी तथा पृथ्वीराज तृतीय

| तराइन का युद्ध | | |
|---|---|---|
| युद्ध संख्या | वर्ष | परिणाम |
| प्रथम | 1191 | मोहम्मद गोरी पराजित |
| द्वितीय | 1192 | मोहम्मद गोरी विजित |

- मोहम्मद गोरी ने कन्नौज के शासक जयचन्द को किस युद्ध में पराजित किया? -चन्दावर के युद्ध (1194 ई.) में
- मोहम्मद गोरी के साथ भारत आने वाले प्रसिद्ध सूफी संत कौन थे? -शेख मुइनुद्दीन चिश्ती
- सिक्कों पर देवी लक्ष्मी की आकृति किस मुस्लिम शासक के द्वारा बनवायी गयी थी? -मोहम्मद गोरी

बख्तियार खिलजी, मोहम्मद गोरी का एक साधारण दास था जिसने बंगाल और बिहार पर विजय प्राप्त की। इसने अपने आक्रमण के दौरान नालंदा एवं विक्रमशिला विश्वविद्यालय को नष्ट कर दिया।

- मोहम्मद गोरी की मृत्यु के पश्चात् उसके साम्राज्य पर किन तीन गुलामों द्वारा नियंत्रण स्थापित किया गया? -याल्दौज, कुबाचा तथा कुतुबुद्दीन ऐबक

भारतीय जनता के लिए हिन्दू शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग अरबों द्वारा किया गया था।


Scanned with CamScanner

# दिल्ली सल्तनत ( 1200-1526 ई. )

## दिल्ली सल्तनत

इल्बारी वंश | लोदी वंश

### 1. गुलाम वंश (11 शासक)

**कुतबी राजवंश**
- कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210ई.) — राजधानी लाहौर
- आरामशाह (1210ई.)

**शम्सी राजवंश**
- इल्तुतमिश (1210-1236ई.) — राजधानी दिल्ली
- रुकुनुद्दीन फिरोजशाह (1236)
- रजिया सुल्तान (1236-1239ई.)
- मुइजुद्दीन बहरामशाह (1240-1242ई.)
- अलाउद्दीन मसूदशाह (1242-1246ई.)
- नासिरुद्दीन महमूद (1246-1265ई.)

**बलबनी राजवंश**
- गयासुद्दीन बलबन (1265-1287ई.)
- मोइजुद्दीन कैकुबाद (1287-1290ई.)
- क्यूमर्स (1290ई.)

### 2. खिलजी वंश (5 शासक)

- जलालुद्दीन फिरोज खिलजी (1290-1296ई.)
- अलाउद्दीन खिलजी (1296-1316ई.)
- शिहाबुद्दीन उमर (1316ई.)(35 दिन)
- कुतुबुद्दीन मुबारक शाह खिलजी (1316-1320ई.)
- नासिरुद्दीन खुसरो खाँ (15 अप्रैल-7 सितंबर, 1320ई.)

### 3. तुगलक वंश (9 शासक)

- गयासुद्दीन तुगलक शाह-I (1320-1325ई.)
- मुहम्मद बिन तुगलक (1325-1351ई.)
- फिरोज शाह तुगलक (1351-1388ई.)
- गयासुद्दीन तुगलक शाह-II (1388-1389ई.)
- अबूबक्र शाह (1389-90ई.)
- मुहम्मद शाह-III (1390-94ई.)
- अलाउद्दीन सिकंदर शाह-I (जनवरी-मार्च 1394ई.)

**दो स्वतंत्र शासक**
- नसिरूद्दीन महमूद शाह (1394-1413ई.) (दिल्ली)
- नुसरत शाह (1394-1398ई.) (फिरोजाबाद)

### 4. सैय्यद वंश (4 शासक)

- खिज्र खाँ (1414-1421ई.)
- मुबारक शाह (1421-1434ई.)
- मुहम्मद शाह (1434-1445ई.)
- अलाउद्दीन आलम शाह (1445-1451ई.)

### 5. लोदी वंश (3 शासक)

- बहलोल लोदी (1451-1489ई.)
- सिकंदर लोदी (1489-1517ई.)
- इब्राहिम लोदी-II (1517-1526ई.)

### दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक

1. **इल्तुतमिश** दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक था। इनका शासन काल 1210-1236 ई. तक था।
2. इल्तुतमिश ने दिल्ली सल्तनत के स्थायित्व के लिए अनके कार्य किये जैसे- तुर्कान-ए-चहलगानी का गठन, विरोधियों का दमन, नवीन प्रकार के सिक्कों का प्रारंभ।
3. **इल्तुतमिश** ने **सुल्तान-ए-आजम** की उपाधि धारण थी। यह **दिल्ली को राजधानी** बनाने वाला **प्रथम शासक** बना।

दिल्ली पर शासन करने वाले कुतुबुद्दीन ऐबक ने **कुतबी**, इल्तुतमिश ने **शम्सी** व बलबन ने **बलबनी वंश** की स्थापना की थी।



Scanned with CamScanner

# गुलाम वंश ( 1206-1290 ई. )

- गुलाम वंश की स्थापना किसके द्वारा की गयी? -कुतुबुद्दीन ऐबक
- 25 जून, 1206 कुतुबुद्दीन ऐबक का राज्याभिषेक किस स्थान पर किया गया? -लाहौर
- कुतुबुद्दीन ऐबक ने अपने साम्राज्य की राजधानी किसे घोषित किया? -लाहौर

भारत में तुर्की राज्य का संस्थापक कुतुबुद्दीन ऐबक को माना जाता है। कुतुबुद्दीन ऐबक ने कभी सुल्तान की उपाधि धारण नहीं की इसने केवल मलिक और सिपह सालार का पद धारण किया।

- कुतुबुद्दीन ऐबक को उदारता तथा अत्यधिक दान देने के लिए कौन सी उपाधि दी गई? -लाखबख्श
- अत्यंत सुरीली आवाज में कुरान पढ़ने के कारण ऐबक को किस उपाधि से नवाजा गया? -कुरान ख्वाँ
- भारत की प्रथम मस्जिद कुव्वत-उल-इस्लाम की स्थापना किसके द्वारा करवाई गई? -कुतुबुद्दीन ऐबक

कुतुबुद्दीन ऐबक ने सूफी सन्त ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर कुतुबमीनार का निर्माण प्रारम्भ करवाया।

- कुतुबद्दीन ऐबक की मृत्यु कब हुई? -वर्ष 1210 में (चौगान खेलते समय घोड़े से गिर जाने से कारण)
- कुतुबद्दीन ऐबक की मृत्यु के पश्चात् उसके पुत्र आरामशाह को अपदस्थ कर गुलाम वंश का अगला शासक कौन बना? -इल्तुतमिश
- इल्तुतमिश सुल्तान बनने से पूर्व किस प्रांत का सुबेदार था? -बदायूँ
- दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक किसे माना जाता है? -इल्तुतमिश को

इल्तुतमिश दिल्ली सल्तनत का प्रथम सुल्तान था जिसने दिल्ली को अपनी राजधानी बनाई तथा बगदाद के खलीफा से सुल्तान की उपाधि प्राप्त की।

- इल्तुतमिश ने 40 योग्य तुर्क गुलामों को मिलाकर किस दल का गठन किया? -तुर्कान-ए-चहलगानी (चालीसा दल)
- मंगोल आक्रमणकारी चंगेज खाँ भारत के उत्तर पश्चिम सीमा पर किसके शासनकाल में आया? -इल्तुतमिश

इल्तुतमिश ने भारत में इक्ता व्यवस्था का प्रारम्भ की। इक्ता एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ है। भूमि को लेने वाले इक्तादार कहलाते थे।

- वर्ष 1236 में दिल्ली सल्तनत की गद्दी पर बैठने वाली प्रथम व अंतिम मुस्लिम महिला शासिका कौन थी? -रजिया सुल्तान
- रजिया के सुल्तान बनने के पश्चात् गुलाम याकूत को किस पद पर नियुक्त किया? -अमीर-ए-आखूर
- रजिया सुल्तान के विद्रोही अमीरों ने रजिया की हत्या करवाकर किसे दिल्ली सल्तनत की गद्दी पर बैठाया? -बहरामशाह

बहरामशाह के कार्यकाल में नायब-ए-मुमालिकत पद का सृजन किया गया, जिसमें सम्पूर्ण अधिकार निहित होते थे। इस पद पर सर्वप्रथम एतगीन को नियुक्त किया गया।

- दिल्ली सल्तनत के किस शासक ने बलबन को नायब-ए-मुमालिकत पद पर नियुक्त किया? -नासिरुद्दीन महमूद
- बलबन को उलूग खाँ की उपाधि किसने प्रदान की थी? -नासिरुद्दीन महमूद ने
- दिल्ली का सुल्तान बनने के पश्चात् तुर्कान-ए-चहलगानी को किसने समाप्त कर दिया? -बलबन ने
- अपने विरोधियों के प्रति कठोर, लौह एवं रक्त की नीति का पालन करने वाला सुल्तान कौन था? -बलबन

बलबन प्रथम सुल्तान था, जिसने राजत्व के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। उसने राजत्व को नियाबते-खुदाई (ईश्वर द्वारा प्रदत्त) तथा राजा को जिल्ले-इलाही (ईश्वर की छाया) कहा।

- सिजदा एवं पैबोस प्रथा को अपने दरबार में प्रारम्भ करने वाला सुल्तान कौन था? -बलबन
- बलबन ने किस नाम से एक सैन्य विभाग की स्थापना की थी? -दीवान-ए-अर्ज
- गुलाम वंश का अन्तिम शासक कौन था? -शम्सुद्दीन क्यूमर्स

नासिरुद्दीन महमूद एक शांत स्वभाव वाला व्यक्ति था। इतिहासकार सिराज ने इसे दिल्ली का आदम सुल्तान कहा है।



Scanned with CamScanner

# खिलजी वंश (1290-1320 ई.)

- गुलाम वंश के पश्चात् **वर्ष 1290** में **खिलजी वंश** की स्थापना किसके द्वारा की गई थी? **-जलालुद्दीन फिरोजशाह खिलजी**
- **रक्त और लौह की नीति** को त्यागकर शासन के उदारनीति का अनुसरण करने वाला दिल्ली का **प्रथम सुल्तान** कौन था? **-जलालुद्दीन फिरोजशाह खिलजी**
- वर्ष 1296 में **कड़ा** (मानिकपुर) में जलालुद्दीन की हत्या किसने की थी? **-अलाउद्दीन खिजली**
- अलाउद्दीन खिलजी के बचपन का नाम क्या था?**-अली गुर्शस्प**
- जलालुद्दीन के हत्या के पश्चात् **अलाउद्दीन खिलजी** ने अपना **राज्याभिषेक** कहाँ करवाया? **-बलबन के लालमहल में**

अलाउद्दीन **एक साम्राज्यवादी** शासक था। वह **विश्व विजय प्राप्त** करने के साथ-साथ एक **नये धर्म** की स्थापना करना चाहता था।

- राज्याभिषेक के पश्चात् **सिकन्दर-ए-सानी** या **द्वितीय सिकन्दर** की उपाधि किसने धारण की? **-अलाउद्दीन खिलजी ने**
- सुल्तान बनने के पश्चात् अलाउद्दीन ने प्रथम **आक्रमण** किस शासक पर किया? **-रायकर्ण** (गुजरात का शासक)

अलाउद्दीन का सेनापति **मलिक काफूर** गुजरात विजय के दौरान **नुसरत खाँ** द्वारा **1000 दीनार** में खरीदा गया था, इसीलिए उसे **हजारदीनारी** भी कहा जाता था।

- **वर्ष 1303** में अलाउद्दीन के द्वारा **चित्तौड़ पर आक्रमण** के समय वहाँ का शासक कौन था? **-राणा रतन सिंह**
- **विंध्याचल पर्वत श्रेणी** को पार कर **दक्षिण भारत** पर आक्रमण करने वाला दिल्ली सल्तनत का **प्रथम सुल्तान** कौन था? **-अलाउद्दीन खिलजी**
- अलाउद्दीन के **दक्षिण अभियानों** का **सेनापति** कौन था? **-मलिक काफूर**

**तेलंगाना** (वारंगल) के शासक **प्रताप रूद्र देव द्वितीय** ने **मलिक काफूर** को विश्व प्रसिद्ध **कोहिनूर हीरा** भेंट किया था, जिसे मलिक काफूर ने **अलाउद्दीन खिलजी** को भेंट किया।

**अलाउद्दीन खिलजी का दक्षिण भारत अभियान**

| राज्य | शासक | अभियान का नेतृत्व | वर्ष |
|---|---|---|---|
| देवगिरि | रामचंद्र देव | मलिक काफूर | 1307 ई. |
| वारंगल | प्रताप रुद्र देव | मलिक काफूर | 1309 ई. |
| द्वारसमुद्र | वीर बल्लाल-III | मलिक काफूर | 1310 ई. |
| पाण्ड्य | वीर पाण्ड्य | मलिक काफूर | 1311 ई. |

- **मलिक काफूर** द्वारा सर्वप्रथम किस **दक्षिण भारतीय राज्य** पर आक्रमण किया गया? **-देवगिरी**
- दिल्ली सल्तनत का वह कौन सुल्तान था जिसने **नकद वेतन** के साथ **स्थायी सेना** का संगठन किया था?**-अलाउद्दीन खिलजी**
- अलाउद्दीन द्वारा सेना में **भ्रष्टाचार रोकने** के लिए कौन सी **योजना** अपनायी गई?**- घोड़ों को दागने की प्रथा तथा हुलिया प्रथा**
- **चराई कर** तथा **गृह कर** (घरी-चरी कर) लगाने वाला **प्रथम सुल्तान** कौन था? **-अलाउद्दीन खिलजी**
- सर्वाधिक **मंगोल आक्रमण** किसके शासनकाल मे हुए? **-अलाउद्दीन खिलजी**
- दिल्ली सल्तनत का वह **प्रथम सुल्तान** कौन था, जिसने स्वयं को घोषित किया? **-मुबारक शाह खिलजी**
- **घोड़े के नाल** के आकार की **मेहराब** का प्रयोग सर्वप्रथम कहाँ पर किया गया? **-अलाई दरवाजा** (दिल्ली)

**अलाउद्दीन** द्वारा सैनिकों को सस्ते मूल्यों पर वस्तुओं को प्रदान करने के लिए **बाजार नियंत्रण** की नीति अपनाई गयी।

**अलाउद्दीन के बाजार नियंत्रण अधिकारी**

| विभाग | अधिकारी |
|---|---|
| बरीद-ए-मंडी | बाजार निरीक्षक |
| शहना-ए-मंडी | बाजार अधीक्षक |
| दीवान-ए-रियासत | बाजार नियंत्रक |
| मन्हैयान | गुप्तचर |

**पद्मावत** (मोहम्मद जायसी) के अनुसार, **अलाउद्दीन** ने **रानी पद्मिनी** की सुन्दरता से प्रभावित होकर चित्तौड़ पर आक्रमण किया था।



Scanned with CamScanner

# तुगलक वंश ( 1320-1414 ई. )

- 1320 ई. में तुगलक वंश की स्थापना किसके द्वारा की गयी? -गयासुद्दीन मुहम्मद तुगलक (गाजी मलिक)
- सल्तनत काल में नहरों का निर्माण तथा डाक व्यवस्था का आरम्भ करने वाला प्रथम सुल्तान कौन था? -गयासुद्दीन
- किस सूफी सन्त के साथ गयासुद्दीन तुलगक के सम्बंध अच्छे नहीं थे? -निजामुद्दीन औलिया

बंगाल अभियान से लौटते समय गयासुद्दीन तुगलक ने आदेश दिया था कि उसके दिल्ली पहुँचने से पहले ही औलिया दिल्ली छोड़ दे। इसी संदर्भ में निजामुद्दीन औलिया ने सुल्तान के विषय में कहा था कि दिल्ली अभी दूर है (हनूज दिल्ली दूर अस्त)।

- दिल्ली सल्तनत का सर्वाधिक विद्वान सुल्तान कौन था? -मोहम्मद बिन तुगलक

**मोहम्मद बिन तुगलक के प्रमुख कार्य**

| योजना | विशेषता |
|---|---|
| 1. राजधानी परिवर्तन (1326-27 ई.) | तुगलक ने देवगिरि का नाम दौलताबाद रख कर उसे सल्तनत की राजधानी बनाया। यह योजना असफल रही। 1335 ई. पुन: दिल्ली को राजधानी बनाया गया। |
| 2. दोआब में कर वृद्धि (1327-28 ई.) | यह योजना भी असफल रही, क्योंकि उस समय वहाँ अकाल पड़ जाने के कारण जनता कर नहीं दे सकी। |
| 3. सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन (1330 ई.) | चाँदी की कमी का सामना करने के लिए सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किया गया किन्तु नियंत्रण के अभाव में यह योजना भी असफल रही। |
| 4. खुरासान का अभियान (1336-37 ई.) | खुरासान पर विजय प्राप्त के लिए तुगलक ने 3 लाख 70 हजार सैनिकों का गठन करके उन्हें 1 वर्ष का अग्रिम वेतन प्रदान किया था। |
| 5. कराचिल अभियान (1337-38 ई.) | तुगलक ने खुसरो मलिक के नेतृत्व में 1 लाख सैनिकों को भेजा किन्तु मौसमी दशा खराब होने के कारण यह योजना भी असफल रही। |

- कृषि के विकास हेतु अमीर-ए-कोही नामक नया विभाग किस सुल्तान द्वारा प्रारम्भ किया गया था? -मुहम्मद बिन तुगलक
- भारत में सर्वप्रथम सांकेतिक मुद्रा का प्रचलन किसके शासन काल में हुआ? -मुहम्मद बिन तुगलक
- मोरक्को निवासी इब्नबतूता किसके शासनकाल में भारत आया था? -मोहम्मद बिन तुगलक (1333 ई.)
- रेहला नामक पुस्तक का रचनाकार कौन था? -इब्नबतूता

मोहम्मद बिन तुगलक के काल में ही सल्तनत से विद्रोह कर 1336 ई. में हरिहर एवं बुक्का ने विजयनगर तथा 1347 ई. में हसन गंगू ने बहमनी साम्राज्य की स्थापना की।

- होली के त्यौहार के सार्वजनिक उत्सव में भाग लेने वाला दिल्ली का प्रथम सुल्तान कौन था?-मुहम्मद बिन तुगलक
- किस जैन संत के साथ मोहम्मद बिन तुगलक के सम्बंध घनिष्ठ थे? -जिनप्रभा सूरी
- मोहम्मद बिन तुगलक की मृत्यु किस अभियान के दौरान हुई थी? -सिंध अभियान (1351 ई.)
- सर्वप्रथम लोक निर्माण विभाग की स्थापना किस शासक ने की थी? -फिरोज़शाह तुगलक ने
- टोपरा तथा मेरठ से दो अशोक स्तम्भ लेख किस शासक द्वारा दिल्ली लाये गये थे? -फिरोज़शाह तुगलक
- सबसे अधिक गुलाम किस सुल्तान के दरबार में थे? -फिरोज़शाह तुगलक
- ब्राह्मणों पर जजिया कर लगाने वाला प्रथम मुस्लिम शासक कौन था? -फिरोज़शाह तुगलक
- हक-ए-शर्ब नामक सिंचाई कर लगाने वाला दिल्ली का प्रथम सुल्तान कौन था? -फिरोज़शाह तुगलक

**फिरोजशाह के काल में स्थापित विभाग**

| | |
|---|---|
| दीवान-ए-बन्दगान | दासों की देखरेख के लिए |
| दीवान-ए-इस्तिहाक | पेंशन देने के लिए |
| दीवान-ए-खैराज | असहाय लोगों की मदद के लिए |

- दिल्ली सल्तनत के तुगलक वंश का अंतिम शासक कौन था? -नासिरुद्दीन महमूद

नासिरुद्दीन महमूद के शासनकाल में मध्य एशिया के महान सेनानायक तैमूर ने वर्ष 1398 में भारत पर आक्रमण किया था।



Scanned with CamScanner

# सैय्यद वंश (1414-1451 ई.) तथा लोदी वंश (1451-1526 ई.)

- 1414 ई. में दौलत खाँ को पराजित कर खिज्र खाँ ने किस वंश की स्थापना की थी? -सैय्यद वंश
- रैय्यत-ए-आला की उपाधि धारण करने वाला सैय्यद वंश का शासक कौन था? -खिज्र खाँ
- सल्तनत काल में शासन करने वाला एकमात्र शिया कौन था? -सैय्यद वंश

सैय्यद वंश का सबसे योग्य शासक मुबारक शाह था। इसने तारिख-ए-मुबारक शाही के लेखक यहिया बिन अहमद सरहिन्दी को संरक्षण प्रदान किया।

- दिल्ली सल्तनत में प्रथम अफगान राज्य के रूप में लोदी वंश की स्थापना किसके द्वारा की गई? -बहलोल लोदी

**लोदी वंश के शासक**

| सुल्तान | शासन काल |
|---|---|
| • बहलोल लोदी | 1451-1489 ई. |
| • सिकन्दर लोदी | 1489-1517 ई. |
| • इब्राहिम लोदी | 1517-1526 ई. |

- दिल्ली सल्तनत के सुल्तानों में से किसने सर्वाधिक समय तक शासन किया? -बहलोल लोदी (38 वर्ष)
- किस सुल्तान के बारे में अब्दुल्लाह ने अपनी पुस्तक तारीख-ए-दाउदी में लिखा है कि जब वह अपने सरदारों के साथ मिलता था, तो वह कभी सिंहासन पर नहीं बैठता था? -बहलोल लोदी के बारे में
- किस सुल्तान ने आगरा नगर की स्थापना कर उसे अपनी राजधानी बनाया? -सिकन्दर लोदी
- सिकन्दर लोदी ने भूमि की माप के लिए किस पैमाने का प्रयोग प्रारंभ किया? -गज-ए-सिकन्दरी
- सुल्तान की उपाधि धारण करने वाला लोदी वंश का प्रथम शासक कौन था? -सिकंदर लोदी

सिकन्दर लोदी ने मुसलमानों में प्रचलित अनेक कुप्रथाओं- मुहर्रम पर ताजिया निकालना, महिलाओं को पीरों की मजारों पर जाने या उनकी याद में जुलूस निकालने पर प्रतिबन्ध लगा दिया था।

**सल्तनत कालीन वंश**

| वंश | शासनकाल | संस्थापक |
|---|---|---|
| मामलुक वंश (1206-1290) | 84 | ऐबक |
| खिलजी वंश (1290-1320) | 30 | जलालुद्दीन खिलजी |
| तुगलक (1320-1414) | 94 | गयासुद्दीन तुगलक |
| सैय्यद वंश (1414-1450) | 37 | खिज्र खाँ |
| लोदी वंश (1451-1526) | 76 | बहलोल लोदी |

दिल्ली सल्तनत के वंशों में सर्वाधिक शासनकाल तुगलकों का तथा न्यूनतम शासनकाल खिलजी वंश का था।

- भारतीय संगीत पर प्रथम फारसी ग्रंथ लज्जत-ए-सिकंदरशाही की रचना किसके कार्यकाल में की गई? -सिकन्दर लोदी
- सिकन्दर लोदी किस नाम से कविताएँ लिखा करता था? -गुलरुखी
- लोदी वंश के साथ-साथ दिल्ली सल्तनत का अन्तिम सुल्तान कौन था? -इब्राहिम लोदी
- वर्ष 1518 में लड़े गए खातोली के युद्ध में इब्राहिम लोदी को किसने पराजित किया था? -महाराणा सांगा
- पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने किसे पराजित किया? -इब्राहिम लोदी
- किस सुल्तान की मृत्यु के पश्चात् भारत में मुगल वंश की स्थापना हुई? -इब्राहिम लोदी

इब्राहिम लोदी दिल्ली सल्तनत का एकमात्र सुल्तान था, जो रणभूमि (युद्धभूमि) में वीरगति को प्राप्त हुआ।

- भारत में पोलो खेलने का प्रचलन किस शासक ने किया? -तुर्कों ने
- सल्तनत काल में दस्तार बन्दान किसे कहा जाता था? -उलेमा को
- किस भारतीय में संगीत यंत्र तबला एवं सितार का प्रचलन किया था? -अमीर खुसरो
- हिन्दी खड़ी बोली का जनक किसे माना जाता है? -अमीर खुसरो को

फिरोज शाह तुगलक ने लगभग 300 नगरों की स्थापना की जिसमें फतेहाबाद, हिसार, जौनपुर तथा फिरोजाबाद शामिल है।



Scanned with CamScanner

# विजयनगर साम्राज्य

- विजयनगर साम्राज्य की स्थापना कब और किसने की थी -वर्ष 1336 में हरिहर और बुक्का ने
- विजयनगर के किस शासक ने चीन के सम्राट के पास अपना राजदूत भेजा था? -बुक्का प्रथम
- अभिलेखों में विजय नगर के किस शासक को पूर्वी, पश्चिमी व दक्षिणी सागरों का स्वामी कहा गया है?-बुक्का प्रथम को

हरिहर ने विजयनगर (हम्पी) को अपनी द्वितीय राजधानी बनाया। विजयनगर के ध्वंसावशेष हम्पी में विद्यमान हैं।

- विजयनगर का पहला शासक कौन था, जिसने बहमनियों से गोवा को छीना? -हरिहर द्वितीय
- प्रसिद्ध विजय विट्ठल मंदिर कहाँ अवस्थित है? -हम्पी
- विजयनगर के राजा कृष्णदेव राय ने गोलकुण्डा का युद्ध किसके साथ किया था? -कुली कुतुबशाह

| वंश | संस्थापक | समय | अंतिम शासक |
|---|---|---|---|
| संगम | हरिहर प्रथम | 1336-1356 ई. | विरूपाक्ष द्वितीय |
| सालुव | सालुव नरसिंह | 1485-1505 ई. | इम्माडी नरसिंह |
| तुलुव | वीर नरसिंह | 1505-1570 ई. | सदाशिव राय |
| अराविडु | तिरूमल | 1570 के बाद | रंग तृतीय |

- विजयनगर साम्राज्य की वित्तीय व्यवस्था की मुख्य विशेषता क्या थी? -भू-राजस्व
- कृष्णदेव राय के दरबार में आठ तेलगू कवियों को क्या कहा जाता था? - अष्टदिग्गज
- तालीकोटा (रक्षसी-तंगड़ी) का युद्ध किस वर्ष हुआ था? - वर्ष 1565 में

**विजयनगर साम्राज्य के राजवंश**

| यात्री | देश | शासक | विवरण |
|---|---|---|---|
| निकोलो कॉण्टी | इटली | देवराय प्रथम | विजयनगर शहर का वर्णन |
| अब्दुर्रज्जाक | फारस | देवराय द्वितीय | विजयनगर सचिवालय का वर्णन। |
| पायस | पुर्तगाली | कृष्णदेवराय | विजयनगर के शिल्प व व्यापार का वर्णन। |
| बारबोसा | पुर्तगाली | कृष्णदेवराय | सतीप्रथा का वर्णन |
| सीजर फ्रेडरिक | पुर्तगाली | सदाशिव राय | विजयनगर का वर्णन किया। |
| नूनीज | पुर्तगाली | अच्युत देवराय | सतीप्रथा का उल्लेख |
| निकितिन | रूस | मुहम्मद तृतीय | विजयनगर की असमानता का वर्णन। |

- प्रसिद्ध विजयनगर शासक कृष्णदेव राय के अधीन किस साहित्य का स्वर्ण युग था? -तेलुगू
- जब राजा वाडियार ने मैसूर राज्य की स्थापना की तब विजयनगर साम्राज्य का शासक कौन था? -वेंकट द्वितीय
- अपनी मदुरा विजय कृति में अपने पति के विजय अभियानों का वर्णन करने वाली कवयित्री कौन थी? -गंगादेवी
- होयसलों की प्राचीन राजधानी द्वारसमुद्र का वर्तमान नाम क्या है? -हैलबिड
- विजयनगर की प्राचीन राजधानी के स्रोत किन खण्डहरों से मिलते हैं? -हम्पी के खण्डहरों से
- वैदिक ग्रंथों के भाष्यकार सायण को आश्रय प्रदान किया गया -विजयनगर राजाओं द्वारा

| राज्य | संस्थापक | स्थापना | राजवंश | राजधानी | विलय |
|---|---|---|---|---|---|
| • बरार | फतहउल्ला इमाद शाह | 1484 ई. | इमादशाही | एलिचपुर, गाविलगढ़ | 1574 ई. को अहमदनगर में |
| • बीजापुर | यूसुफ आदिल खाँ | 1489 ई. | आदिलशाही | नौरसपुर | 1686 ई. को औरंगजेब द्वारा मुगल साम्राज्य में |
| • अहमदनगर | मलिक अहमद | 1490 ई. | निजामशाही | जुन्नार, अहमदनगर | 1633 ई. को शाहजहाँ द्वारा मुगल साम्राज्य में |
| • गोलकुंडा | कुली कुतुबशाह | 1512 ई. | कुतुबशाही | गोलकुंडा | 1657 ई. को औरंगजेब द्वारा मुगल साम्राज्य में |
| • बीदर | अमीर अली बरीद | 1526 ई. | बरीदशाही | बीदर | 1618 ई. को बीजापुर में |

विजयनगर साम्राज्य, 1336 से 1646 ई. तक मध्यकालीन दक्षिण भारत का एक प्रमुख साम्राज्य था।



Scanned with CamScanner

# दिल्ली सल्तनत में प्रशासन

- दीवान-ए-मुस्तखराज विभाग की स्थापना किसके कार्यकाल में हुई थी? -अलाउद्दीन खिलजी
- सल्तनत काल के अधिकांश अमीर एवं सुल्तान किस वर्ग के थे? -तुर्क वर्ग के
- फिरोजशाह तुगलक ने इस्लाम में धर्मांतरित किस व्यक्ति को अपना वजीर नियुक्त किया था? -तैलंग ब्राह्मण खान-ए-जहाँ
- विजारत का चरमोत्कर्ष किस राजवंश के अंतर्गत हुआ? -तुगलक वंश
- सल्तनत काल में भू-राजस्व का सर्वोच्च ग्रामीण अधिकारी कौन होता था? -चौधरी
- हक-ए-शर्ब कर किस पर लगाया जाता था? -सिंचाई पर

**इस्लामी शरीयत के अनुसार करों के प्रकार**

- **जज़िया** – गैर मुस्लिमों से लिया जाने वाला कर
- **जकात** – मुसलमानों से उनके आय का 2.5 प्रतिशत स्वैच्छिक धार्मिक कर के रूप में लिया जाने वाला कर।
- **खुम्स** – लूट से प्राप्त धन। इसके **1/5 हिस्से** को सुल्तान एवं **4/5 हिस्से** को सैनिकों में बाँटा जाता था। परन्तु आलाउद्दीन के काल में केवल 1/5 हिस्सा सैनिकों को दिया जाता था।
- **खराज़** – भूराजस्व (गैर मुसलमानों से)

- सिक्कों पर बगदाद के अंतिम खलीफा का नाम सर्वप्रथम किस शासक के शासनकाल में अंकित हुआ? -अलाउद्दीन मसूद शाह

इल्तुतमिश ने अपने शासनकाल में चाँदी का टंका एवं ताँबे का जीतल नामक दो सिक्के चलाये थे।

- सल्तनत काल में फवाजिल का तात्पर्य क्या था? -इक्तादारों द्वारा सरकारी खजाने में जमा की जाने वाली अतिरिक्त राशि
- जवाबित का सम्बंध किससे था? -राजकीय कानून से
- दिल्ली सल्तनत में निरंकुश राजतंत्र की स्थापना किस शासक ने की थी? -बलबन ने

**सल्तनत शासन के प्रमुख विभाग**

| | |
|---|---|
| दीवान-ए-विजारत | – वित्त विभाग |
| दीवान-ए-रियासत | – नियंत्रण विभाग |
| दीवान-ए-मुस्तखराज | – कृषकों से बकाया भू-राजस्व वसूलना |
| दीवान-ए-कोही | – कृषि के विकास के लिए |
| दिवान-ए-कजा | – न्याय विभाग |
| दीवान-ए-इंशा | – पत्राचार विभाग |
| दीवान-ए-अर्ज | – सैन्य विभाग |
| दीवान-ए-रिसालत | – विदेश विभाग |
| दीवान-ए-बरीद | – गुप्तचर विभाग |
| दीवान-ए-बंदगान | – दास विभाग |

- दिल्ली सल्तनत के किस शासक ने इक्ता व्यवस्था प्रारम्भ की थी? -इल्तुतमिश
- सल्तनत काल में केन्द्रीय प्रशासन की सम्पूर्ण शक्ति किसमें निहित होती थी? -सुल्तान में
- सल्तनत काल में सुल्तान को सहायता प्रदान करने के लिए गठित मंत्रिपरिषद को किस नाम से जाना जाता था? -मजलिस-ए-खलवत
- इक्तादारों पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए ख्वाजा नामक अधिकारी की नियुक्ति किसके द्वारा की गई थी? -बलबन
- सल्तनत काल में भू-राजस्व की दर सामान्यत: कितनी होती थी? -20 से 25 प्रतिशत

**सल्तनत काल के प्रमुख अधिकारी**

| | |
|---|---|
| आरिज-ए-मुमालिक | – सैन्य विभाग का प्रधान |
| बरीद-ए-मुमालिक | – गुप्तचर विभाग का प्रमुख |
| सद्र-उस-सुदूर | – धार्मिक विभाग का प्रधान |
| अमीर-एक-आखूर | – अश्वशाला का प्रधान |
| सर-ए-जानदार | – सुल्तान के अंगरक्षकों का प्रमुख |
| अमीर-ए-हाजिब | – दरबारी शिष्टाचार के नियमों को लागू करने वाला |

दिल्ली सल्तनत के प्रशासन में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति वजीर होता था, जिसके अधीन एक महालेखा परीक्षक होता था।



Scanned with CamScanner

# दिल्ली सल्तनत : स्थापत्य कला एवं साहित्य

- दिल्ली का वह सुल्तान जिसने अपनी आत्मकथा लिखी थी? -फिरोजशाह तुगलक
- अलाई दरवाजा का निर्माण किस सुल्तान ने करवाया था? -अलाउद्दीन खिलजी
- कुतुबमीनार की पाँचवी मंजिल का निर्माण किस सुल्तान ने कराया था? -फिरोजशाह तुगलक

तूती-ए-हिन्द के नाम से विख्यात अमीर खुसरो का जन्म पटियाली (एटा) में हुआ था तथा वे कवि, इतिहासकार तथा संगीतज्ञ थे।

- भारत में कौन सा मकबरा जो सबसे पहले शुद्ध इस्लामी शैली में निर्मित हुआ था? -बलवन का मकबरा
- किताब-उल-हिन्द के लेखक का नाम क्या था?-अलबरूनी
- अमीर खुसरो ने किस भाषा के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई? -खड़ी बोली

**सल्तनत काल के महत्वपूर्ण निर्माण कार्य**

| प्रमुख इमारतें | निर्माता |
|---|---|
| • कुतुबमीनार | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| • कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| • अढ़ाई दिन का झोपड़ा | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| • सुल्तानगढ़ी का मकबरा | इल्तुतमिश |
| • इल्तुतमिश का मकबरा | इल्तुतमिश |
| • हौज-ए-शम्सी व शम्सी ईदगाह | इल्तुतमिश |
| • बलबन का मकबरा | बलबन |
| • सीरी का किला | अलाउद्दीन खिलजी |
| • हौज-ए-अलाई | अलाउद्दीन खिलजी |
| • जमातखाना मस्जिद | अलाउद्दीन खिलजी |
| • हजार सितून | अलाउद्दीन खिजली |
| • अलाई दरवाजा | अलाउद्दीन खिलजी |
| • ऊखा मस्जिद | मुबारकशाह खिलजी |
| • तुगलकाबाद का किला | गयासुद्दीन तुगलक |
| • गयासुद्दीन तुगलक का मकबरा | मोहम्मद-बिन-तुगलक |

**ग्रंथ के लेखक**

| ग्रंथ का नाम | लेखक का नाम |
|---|---|
| • संगीत राज | राणा कुम्भा |
| • रागमाला | पुंडीरक विठ्ठल |
| • ताजुल मासिर | हसन निजामी |
| • तारीख-ए-दिल्ली | खुसरो |
| • तारीख-ए-मुहम्मदी | मुहम्मद विहमद खान |
| • तारीख-ए-हिन्द | अलबरुनी |
| • तारीख-ए-मुबारक शाही | याहिया-बिन अहमद सरहिंदी |
| • फतवाह-ए-जहाँदारी | जियाउद्दीन बरनी |
| • खजाइन-उल-फुतुह | अमीर खुसरो |
| • तारीख-ए-फिरोजशाही | शम्स-ए-शिराज अफीफ |
| • तुगलकनामा | अमीर खुसरो |
| • फुतुहात-ए-फिरोजशाही | फिरोजशाह |
| • तारीख-ए-यामिनी | उत्बी |
| • तबकात-ए-नासिरी | मिनहाज-उस-सिराज |
| • रेहला | इब्नबतूता |

- किस पुस्तक में एक आदर्श मुसलमान शासक के गुणों का उल्लेख किया गया है? -फतवा-ए-जहाँदारी
- दिल्ली के सुल्तानों ने किस भाषा को संरक्षण प्रदान किया? -फारसी
- हिन्दू-मुस्लिम गान-वाद्यों का सर्वश्रेष्ठ मिश्रण किस संगीत वाद्य यंत्र को माना गया है? -सितार

अमीर खुसरो एवं शेख निजामुद्दीन औलिया ने दिल्ली के सात सुल्तानों का शासनकाल देखा था।

- नवीन फारसी काव्य-शैली सबक-ए-हिन्दी अथवा हिन्दुस्तानी शैली का जन्मदाता किसे कहा जाता है?-अमीर खुसरो को
- संगीत यंत्र तबला का आविष्कार किसने किया? -अमीर खुसरो ने
- किस राजपूत शासक के संगीत पर एक पुस्तक की रचना की थी? -राणा कुंभा ने

लाहौर (पाकिस्तान) को भारत में फारसी भाषा के प्रयोग व प्रसार के प्रथम केंद्र के रूप में जाना जाता है।



Scanned with CamScanner

# भक्ति और सूफी आंदोलन

## सूफी सम्प्रदाय

सूफी संतों द्वारा उर्दू भाषा का प्रारम्भ

- **बा-शरा** — इस्लामी कानून के समर्थक
  - चिश्ती सिलसिला — भारतीय संस्थापक: ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती
    - दक्षिण भारत
      - बुरहान (हीन गरीब)
      - गेसूदराज
    - उत्तर भारत
      - ख्वाजा बख्तियार काकी
      - बाबा फरीद
      - हजरत निजामुद्दीन औलिया (फरीद के शिष्य)
      - हजरत अलाउद्दीन साबिर
      - नासिरूद्दीन चिराग-ए-देहलवी
  - सुहरावर्दी सिलसिला — संस्थापक: शिहाबुद्दीन सुहरावर्दी
  - कादिरी सिलसिला — संस्थापक: शेख अब्दुल कादिर जिलानी
  - नक्शबंदी सिलसिला — भारतीय प्रचारक: ख्वाजा मुहम्मद बकी बिल्लाह बेरंग
- **बे-शरा** — इस्लामी कानून से मुक्त

| सिलसिला | संस्थापक |
|---|---|
| • चिश्ती | ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती |
| • सुहरावर्दी | शिहाबुद्दीन सुहरावर्दी बहाउद्दीन जकारिया (भारत) |
| • कादिरी | शेख अब्दुल कादिर जिलानी |
| • सत्तारी | शाह अब्दुल्ला सत्तारी |
| • फिरदौसी | शेख बदरूद्दीन |
| • नक्शबंदी | बाकी बिल्लाह |

- भक्ति आंदोलन का प्रारम्भ किसके द्वारा किया गया था? -अलवार एवं नयनार संतों द्वारा
- कबीर किसके शिष्य थे? -सन्त रामानन्द के

> बुद्ध और मीराबाई के जीवन दर्शन में मुख्य समानता यह है कि, यह दोनों का मानना है कि संसार दुःख पूर्ण है।

- रामानुज के अनुयायियों को क्या कहा जाता है? -वैष्णव
- कबीर एवं धरमदास के मध्य संवादों के संकलन का शीर्षक क्या है? -अमरमूल
- रामानुजाचार्य ने किस दर्शन का प्रतिपादन किया, जिसमें ज्ञान से अधिक भक्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है? -विशिष्ट द्वैतवाद
- कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति से उसका धर्म-सम्प्रदाय या जाति न पूछे। यह कथन किसका है? -सन्त रामानन्द का
- कामरूप (असम) में वैष्णव धर्म को किसने लोकप्रिय बनाया? -शंकरदेव ने
- शुद्ध-अद्वैतवाद का प्रतिपादन किसने किया था? -वल्लभाचार्य ने

> भारत में भक्ति आन्दोलन का पुनर्जन्म 15वीं-16वीं शताब्दी में हुआ था।

- किस भक्ति संत ने स्वयं के संदेश के प्रचार हेतु सर्वप्रथम हिन्दी भाषा का प्रयोग किया? -रामानन्द
- बीजक के रचयिता कौन थे? -कबीर
- सम्पूर्ण भारत में भगवान शिव की प्रतिष्ठा में कितने ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं? -बारह
- गुरु नानक का जन्म कहाँ हुआ था? -ननकाना साहिब (तलवंडी, पाकिस्तान)

| उपाधियाँ | सूफी सन्त |
|---|---|
| • चिराग-ए-देहलवी | शेख नासिरूद्दीन महमूद |
| • महबूब-ए-इलाही | शेख निजामुद्दीन औलिया |
| • मुजद्दिद | शेख अहमद सरहिन्दी |
| • बंदानवाज | सैय्यद मुहम्मद गेसूदराज |

> दक्षिण भारत में शिव भक्त सन्तों को नयनार (63 संत) तथा विष्णु भक्त सन्तों को अलवार (12 संत) कहा जाता था।



Scanned with CamScanner


# भारत में भक्ति आंदोलन

**उत्तर भारत में भक्ति आंदोलन की त्रिमूर्ति**

1. गुरू नानक
2. कबीर
3. रैदास

**महाराष्ट्र के भक्ति संतों का कालक्रम**

1. नामदेव ............ 1270-1350 ई.
2. ज्ञानदेव ............ 1271-1296 ई.
3. एकनाथ ............ 1533-1599 ई.
4. तुकाराम ............ 1598-1650 ई.
5. रामदास ............ 1608-1681 ई.





**प्रमुख मत एवं उनके प्रवर्तक**

| | मत | प्रवर्तक |
|---|---|---|
| 1. | अद्वैतवाद | शंकराचार्य |
| 2. | विशिष्टाद्वैतवाद | रामानुजाचार्य |
| 3. | द्वैताद्वैतवाद | निम्बार्काचार्य |
| 4. | शुद्धाद्वैतवाद | वल्लभाचार्य |
| 5. | द्वैतवाद | माध्वाचार्य |
| 6. | भेदाभेदावाद | भास्कराचार्य |
| 7. | शैव विशिष्टाद्वैत | श्रीकंठ |
| 8. | अचिंत्य भेदाभेदवाद | बलदेव |
| 9. | वीर शैव विशिष्टाद्वैत | श्री पति |
| 10. | अविभागद्वैत | विज्ञान भिक्षु |

## संत व उनके सम्प्रदाय

| | संत | सम्प्रदाय | | संत | सम्प्रदाय | | संत | सम्प्रदाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रामानुजाचार्य | श्री सम्प्रदाय | 8. | माध्वाचार्य | हरियाली सम्प्रदाय | 15. | नित्यानंद गोस्वामी | चैतन्य पंथ |
| 2. | मध्वाचार्य | ब्रह्म सम्प्रदाय | 9. | शंकर देव | महापुरुषीय सम्प्रदाय | 16. | गुरु नानक | सिक्ख सम्प्रदाय |
| 3. | वल्लभाचार्य | रूद्र सम्प्रदाय | 10. | निम्बार्क | सनक सम्प्रदाय | 17. | दादू दयाल | दादू पंथ व निपक्ष सम्प्रदाय |
| 4. | संत लाल दास | लाल पंथ | 11. | स्वामी हरिदास | सुखी सम्प्रदाय | 18. | हित हरिवंश | राधाबल्लभ सम्प्रदाय |
| 5. | गोविंद प्रभु | महानुभाव पंथ | 12. | जगजीवन साहब | सतनामी सम्प्रदाय | 19. | रामानंद | रामवत सम्प्रदाय |
| 6. | एक नाथ, तुकाराम व ज्ञानदेव | वरकरी सम्प्रदाय | 13. | चंडीदास | बाऊल सम्प्रदाय | 20. | श्रीचंद्र (गुरू नानक के पुत्र) | उदासी सम्प्रदाय |
| | | | | | | 21. | जय नाथ | विश्नोई सम्प्रदाय |
| 7. | रामदास बोध | धरकरी सम्प्रदाय | 14. | पुरंदर दास | दासकूट सम्प्रदाय | 22. | निरंजन | कनिरंजनी सम्प्रदाय |
| | | | | | | 23. | रैदास | रायदासी सम्प्रदाय |




- गुरु नानक देव ने सिक्ख धर्म की स्थापना किसके शासनकाल में की थी? -सिकंदर लोदी
- चैतन्य महाप्रभु किस सम्प्रदाय से सम्बंधित हैं?

  -वैष्णव सम्प्रदाय
- तुलसीदास किस शासक के समकालीन थे?

  -अकबर तथा जहाँगीर
- किस सूफी संत के विचारों को सिखों के धर्मग्रंथ आदिग्रंथ में संकलित किया गया है?-फरीदुद्दीन गंज-ए-शकर (बाबा फरीद)

मध्यकालीन भारत के संत रामानंद का जन्म वर्ष 1299 में प्रयाग में हुआ था।

- ईस्टर त्यौहार के पीछे ईसाइयों की क्या भावना है?

  -सूली पर लटकाए जाने के बाद इसी दिन ईसा मसीह पुनर्जीवित हुए
- भक्त तुकाराम किस मुगल सम्राट के समकालीन थे?

  -जहाँगीर
- भारत में चिश्ती सूफी मत को किसने स्थापित किया?

  -ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने

सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की यह मान्यता थी कि संगीत ईश्वर के निकट पहुँचने का एक साधन है।

- ईश्वर केवल मनुष्य के सद्‌गुण को पहचानता है तथा उसकी जाति नहीं पूछता; आगामी दुनिया में कोई जाति नहीं होगी। यह सिद्धांत किस भक्ति संत का है?

  -गुरु नानक का

- रामचरित मानस नामक ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?

  -तुलसीदास
- प्रसिद्ध सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार कहाँ स्थित है? -देवा शरीफ में (बाराबंकी उत्तर प्रदेश)
- शेख निजामुद्दीन औलिया किसके शिष्य थे?

  -बाबा फरीद के
- शेख निजामुद्दीन औलिया की दरगाह कहाँ स्थित है?

  -हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली)

सिक्खों के धर्म ग्रंथ आदि ग्रंथ में शेख फरीदुद्दीन-गंज-ए-शकर (बाबा फरीद) सूफी संत के विचारों को भी संकलित किया गया है।

- प्रसिद्ध संत सलीम चिश्ती कहाँ निवास करते थे?

  -फतेहपुर सीकरी (आगरा) में
- शेख-उल-हिन्द की पदवी किसे प्रदान की गई थी?

  -शेखसलीम चिश्ती
- ईसा मसीह का जन्म कहाँ हुआ था?

  -बेथलहम (को वर्तमान फिलिस्तीन)

ईसाइयों द्वारा गुड फ्राइडे (Good Friday) इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था।

- सूफीवाद सिलसिले में कौन सा सिलसिला संगीत के विरुद्ध था?

  -नक्शबंदी
- किस सूफी सन्त ने किसने कृष्णा को औलिया के रूप में माना था? -शाह मोहम्मद गौस
- बारहमासा के रचयिता कौन थे? -मलिक मोहम्मद जायसी

दारा शिकोह द्वारा लिखित सिर्र-ए-अकबर शीर्षक के अंतर्गत उपनिषदों का फारसी में अनुवाद किया गया था।

- कृष्ण जीवनपरक प्रेम वाटिका काव्य की रचना किसने की थी।

  -रसखान
- निजामुद्दीन औलिया ने भेंट करने से किस सुल्तान से इंकार कर दिया था? -अलाउद्दीन खिलजी

**आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित 4 पीठ**

| पीठ | स्थल | राज्य |
|---|---|---|
| • शृंगेरीपीठ (शिव) | मैसूर | कर्नाटक |
| • गोवर्धनपीठ (बलभद्र व सुभद्रा) | पुरी | उड़ीसा |
| • शारदापीठ (कृष्ण) | द्वारिका | गुजरात |
| • ज्योतिषपीठ (विष्णु) | बद्रीनाथ | उत्तराखण्ड |

सनकादि सम्प्रदाय के वैष्णव संत निम्बार्काचार्य ने द्वैताद्वैतवाद का प्रतिपादन किया था।



Scanned with CamScanner

# मुगल वंश ( 1526-1857 ई. )

## मुगल वंश के शासक व उत्तराधिकारी

तैमूर वंश से सम्बद्ध होने के कारण मुगलों को तिमूरियन भी कहा जाता है।

| मुगल शासकों के मकबरे | |
|---|---|
| **शासक** | **मकबरा (स्थान)** |
| 1. बाबर | आगरा/काबुल |
| 2. हुमायूँ | दिल्ली |
| 3. अकबर | सिकंदरा ( आगरा ) |
| 4. जहाँगीर | लाहौर ( शाहदरा ) |
| 5. शाहजहाँ | आगरा |
| 6. औरंगजेब | औरंगाबाद ( दौलताबाद ) |

**तैमूर**

↓ तैमूर के 5वें वंशज

1. बाबर ( जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर )

↓

2. हुमायूँ

↓

3. अकबर ( जलालुउद्दीन मुहम्मद अकबर )

↓

4. जहाँगीर ( सलीम )

↓ खुसरो मिर्जा → दावर बख्श ( बलि का बकरा )

↓ 5. शाहजहाँ ( खुर्रम )

↓ 6. औरंगजेब, शाहशुजा, मुराद बख्श, दाराशिकोह

6. औरंगजेब ↓ आजम शाह, 7. बहादुर शाह-I ( मुअज्जम ), मुहम्मद अकबर, मुहम्मद कामबख्श

- मुहम्मद अकबर → नेकुसियर
- मुहम्मद कामबख्श → मुही-उल मिल्लत ( शाहजहाँ III )

7. बहादुर शाह-I ↓ अजीमुश-शान, रफीउश-शान, 8. जहाँदार शाह, खुजिस्ता अख्तर

- अजीमुश-शान → 9. फर्रुखसियर
- रफीउश-शान → 11. शाहजहाँ-II, 10. रफी-उद दरजात, मुहम्मद इब्राहिम
- 8. जहाँदार शाह → 14. आलमगीर-II ( अजीजुद्दीन ) → 15. शाहआलम-II ( अलीगौहर ) → 16. अकबर शाह-II ( मिर्जा अकबर ) → 17. बहादुर शाह जफर ( रंगून में निधन )
- खुजिस्ता अख्तर → 12. मुहम्मद शाह ( रौशन अख्तर ) → 13. अहमद शाह बहादुर → बेदार बख्त

- मध्यकालीन भारत के **मुगल शासक** मूलत: कौन थे?

  **-चगताई तुर्क**

- भारत में मुगल शासन स्थापित करने के पश्चात् **जहीरुद्दीन मोहम्मद** ने अपना नाम क्या रखा?

  **-बाबर**

- बाबर मूलत: कहाँ का निवासी था?

  **-फरगना ( वर्तमान उज्बेकिस्तान में )**

**बाबर** अपने पिता के पक्ष से **तैमूर वंश** का तथा माता के पक्ष से **चंगेज खाँ** (मंगोल शासक) के वंश का था।

**खानवा युद्ध** से **दिल्ली-आगरा** क्षेत्र में **बाबर की स्थिति सुदृढ़** हो गई तत्पश्चात् उसने **मेदिनी राय** पर आक्रमण किया।



Scanned with CamScanner

# बाबर एवं हुमायूँ

- भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसके द्वारा की गई थी? -बाबर
- मध्यकालीन भारत में मुगल शासक वस्तुतः कौन थे? -चगताई तुर्क
- बाबर को भारत पर आक्रमण करने के लिए किसने आमंत्रित किया था? -आलम खाँ तथा राणा साँगा ने

पानीपत का प्रथम युद्ध 21 अप्रैल, 1526 को बाबर तथा इब्राहिम लोदी के मध्य हुआ जिसमें बाबर ने इब्राहिम लोदी को पराजित किया और भारत में मुगल साम्राज्य की नींव डाली।

- बाबर ने किस युद्ध में तुलुगुमा पद्धति का प्रयोग किया था? -पानीपत का प्रथम युद्ध
- सर्वप्रथम तोपों का प्रयोग किस युद्ध में किया गया था? -पानीपत के प्रथम युद्ध में
- बाबर ने जिहाद का नारा किस युद्ध में दिया था? -खानवा के युद्ध में
- खानवा के युद्ध में विजय के पश्चात बाबर ने कौन सी उपाधि धारण की? -गाजी (काफिरों को मारने वाला)

बाबर ने तुर्की भाषा में तुजुक-ए-बाबरी (बाबरनामा) नामक आत्मकथा लिखी है।

- बाबर ने अपनी आत्मकथा बाबरनामा में किस हिन्दू राज्य का उल्लेख किया है? -मेवाड़, विजयनगर
- बाबरी मजिस्द का निर्माण किसने कराया था? -मीर बाकी

**बाबर द्वारा लड़े गए प्रमुख युद्ध**

| युद्ध | विपक्ष |
|---|---|
| पानीपत का प्रथम युद्ध (1526 ई.) | इब्राहिम लोदी |
| खानवा का युद्ध (1527 ई.) | राणा साँगा |
| चन्देरी का युद्ध (1528 ई.) | मेदनीराय |
| घाघरा का युद्ध (1529 ई.) | महमूद लोदी |

उपर्युक्त सभी युद्धों में बाबर की विजय हुई।

**बाबर के आक्रमण के समय भारतीय राज्य**

| राज्य | शासक |
|---|---|
| विजयनगर | कृष्णदेवराय |
| दिल्ली | इब्राहिम लोदी |
| बंगाल | नुसरतशाह |
| मेवाड़ | राणा साँगा |

- बाबर को उसकी उदारता के कारण लोग उसे किस नाम से पुकारते थे? -कलंदर
- आगरा में किसने ज्यामितीय विधि से बाग (आरामबाग/नूरे अफगान के नाम से) लगवाया था? -बाबर ने
- हुमायूँ ने चुनार दुर्ग पर प्रथम बार कब आक्रमण किया था? -वर्ष 1532 में
- हुमायूँ ने कालिंजर का अभियान किस वर्ष किया था? -वर्ष 1530 में
- कौन सा मुगल शासक, ज्योतिष में विश्वास करता था? -हुमायूँ
- 26 जून, 1539 को चौसा के युद्ध में हुमायूँ को किसने पराजित किया था? -शेरशाह सूरी ने

चौसा के युद्ध के दौरान निजाम नामक एक भिश्ती ने हुमायूँ की जान बचाई थी इसलिए हुमायूँ ने उसे आधे दिन के लिए बादशाह बनाया था।

- किस युद्ध में पराजित होने के पश्चात् हुमायूँ को दिल्ली की गद्दी छोड़कर भागना पड़ा? -बिलग्राम या कन्नौज का युद्ध (1540 ई.)
- किस युद्ध में विजय के पश्चात् हुमायूँ दिल्ली का पुनः शासक बना? -सरहिन्द का युद्ध (1555 ई.)
- वर्ष 1556 में हुमायूँ की मृत्यु किस कारण से हुई? -पुस्तकालय (दीन-ए-पनाह) की सीढ़ियों से गिरने के कारण
- स्वर्ण सिक्का जारी करने वाला प्रथम मुगल शासक कौन था? -हुमायूँ


हुमायूँ के मकबरे का निर्माण उसकी पत्नी हाजी बेगम द्वारा दिल्ली में करवाया गया। श्वेत संगमरमर से निर्मित यह भारत का प्रथम दोहरे गुम्बद वाला मकबरा है।

लेनपूल ने हुमायूँ पर टिप्पणी करते हुए कहा कि. हुमायूँ जीवन भर लड़खड़ाता रहा और लड़खड़ाते हुए अपनी जान दे दी।



Scanned with CamScanner

# शेरशाह सूरी (सूर वंश)




- शेरशाह का मकबरा कहाँ पर स्थित है? -सासाराम (बिहार)
- कृषकों की सहायता के लिए पट्टा एवं कबूलियत की व्यवस्था किस मध्यकालीन भारतीय शासक ने प्रारम्भ की थी? -शेरशाह सूरी ने
- ग्रैन्ड ट्रंक रोड का निर्माण किसने करवाया था? -शेरशाह सूरी ने
- शेरशाह सूरी की मृत्यु कहाँ हुई थी? -कालिंजर में
- शेरशाह सूरी के शासनकाल में भूमि मापने के लिए किस पद्धति का प्रयोग किया जाता था? -गज-ए-सिकंदरी
- दिल्ली में स्थित पुराने किले के भवनों का निर्माण किसने करवाया था? -शेरशाह सूरी ने
- मैं मुट्ठी भर बाजरे के लिए हिन्दुस्तान का पूरी साम्राज्य खो चुका था, यह कथन किस मध्यकालीन शासक का है? -शेरशाह
- किस अभियान के दौरान शेरशाह सूरी की मृत्यु हुई? -कालिंजर अभियान (1545 ई.)

- दिल्ली में द्वितीय अफगान वंश का संस्थापक कौन था? -शेरशाह सूरी
- शेरशाह के बचपन का नाम क्या था? -फरीद खाँ
- शेरशाह सूरी को शेर खाँ की उपाधि किसने दी थी? -बहार खाँ लोहानी (मुहम्मद शाह)
- शेरशाह के शासनकाल में भू-राजस्व की वसूली की निगरानी करने वाले अधिकारी को क्या कहते थे? -मुंसिफ अथवा आमिल
- कन्नौज के युद्ध में हुमायूँ को पराजित कर दिल्ली का शासक कौन बना? -शेरशाह सूरी

- शुद्ध चाँदी का रुपया और ताँबे का दाम किसने प्रचलित किये थे? -शेरशाह सूरी ने

शेरशाह ने दिल्ली में किला-ए-कुहना मस्जिद का निर्माण करवाया था। यह दिल्ली के पुराने किले में स्थित है।

- शेरशाह के बाद उसका उत्तराधिकारी कौन बना? -इस्लामशाही
- शेरशाह के शासन में उपज का कितना भाग राज्य को देना पड़ता था? - एक तिहाई (1/3)

शेरशाह सूरी ने अनेक विद्वानों को संरक्षण प्रदान किया जिसमें मलिक मोहम्मद जायसी प्रमुख थे।



Scanned with CamScanner

# अकबर (1556-1605 ई.)

- 15 अक्टूबर, 1542 को अकबर का जन्म किसके यहाँ हुआ था? -अमरकोट के राणा वीरसाल के महल में
- हुमायूँ के असमायिक मृत्यु के पश्चात् अकबर का राज्याभिषेक कहाँ पर किया गया? -कलानौर (पंजाब) में
- अकबर ने अपने संरक्षक बैरम खाँ को कौन सी उपाधि प्रदान की? -खान-ए-खाना
- अकबर ने सर्वप्रथम वैवाहिक सम्बंध किस राजपूत वंश से स्थापित किए? -कछवाहों से

5 नवंबर, 1556 को मुगल सेना और हेमू के मध्य पानीपत का दूसरा युद्ध हुआ, जिसमें हेमू की पराजय हुयी।

- किस सूफी संत के दर्शन हेतु अकबर उसके दरबार अजमेर जाया करते थे? -ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
- अकबर के शासनकाल में प्रचलित भू-राजस्व व्यवस्था की एक प्रसिद्ध नीति आइन-ए-दहसाला पद्धति किसके द्वारा स्थापित की गई थी? -टोडरमल
- अकबर द्वारा सभी धर्मों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए वर्ष 1582 में किस धर्म की स्थापना की गई? -दीन-ए-इलाही
- दीन-ए-इलाही धर्म को स्वीकार करने वाला एकमात्र हिन्दू कौन था? -बीरबल

महाभारत का फारसी अनुवाद रज्मनामा के नाम से फैजी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बदाँयूनी भी शामिल था।

- वर्ष 1578 में अकबर द्वारा इबादत खाने की स्थापना किस स्थान पर की गई? -फतेहपुर सीकरी

### अकबर की विजय

| | | |
|---|---|---|
| गोण्डवाना विजय | - | 1564 ई. |
| चित्तौड़ विजय | - | 1568 ई. |
| कालिंजर विजय | - | 1570 ई. |
| आमेर से संधि | - | 1562 ई. |
| मारवाड़ विजय | - | 1570 ई. |
| हल्दीघाटी का युद्ध | - | 1576 ई. |
| असीरगढ़ का युद्ध | - | 1601 ई. |

### अकबर के समकालीन शासक

| देश | शासक | कार्यकाल |
|---|---|---|
| इंग्लैंड | महारानी एलिजाबेथ | 1558-1603 ई |
| फ्रांस | सम्राट हेनरी-IV | 1553-1610 ई |
| ईरान | शाह अब्बास | 1588-1629 ई |
| रूस | जारईवान बेसिल येविच | 1530-1584 ई |

- अकबर ने बंगाल तथा बिहार को किस वर्ष मुगल साम्राज्य में सम्मिलित किया? -1576 ई. में
- किस मुगल बादशाह के विरुद्ध जौनपुर से फतवा जारी किया गया था? -अकबर
- अकबर द्वारा श्रेष्ठतम इमारतें कहाँ पर निर्मित करवायी गई? -फतेहपुर सीकरी में
- अकबरनामा की रचना किसके द्वारा की गई? -अबुल फजल
- किस जैन संत को अकबर द्वारा जगत गुरु की उपाधि दी गई? -आचार्य हरिविजय सूरी
- अकबर द्वारा फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा का निर्माण किस विजय के उपलक्ष्य में करवाया गया? -गुजरात विजय
- अमेरिका की खोज का उल्लेख किस मध्यकालीन भारतीय लेखक ने किया है? -अबुल फजल

### अकबर के महत्वपूर्ण कार्य

| | |
|---|---|
| दास प्रथा का अन्त | 1562 ई. |
| अकबर को हरमदल से मुक्ति | 1562 ई. |
| तीर्थयात्रा कर समाप्त | 1563 ई. |
| जजिया कर की समाप्ति | 1564 ई. |
| राजधानी आगरा से फतेहपुर सीकरी स्थानान्तरण | 1571 ई. |
| इबादतखाने की स्थापना | 1575 ई. |
| इबादतखाने में सभी धर्मों का प्रवेश | 1578 ई. |
| मजहर की घोषणा | 1579 ई. |
| दीन-ए-इलाही की स्थापना | 1582 ई. |
| इलाही संवत् की शुरुआत | 1583 ई. |
| राजधानी लाहौर स्थानांतरित | 1585 ई. |

अकबर के नवरत्नों में से एक तानसेन महान संगीताचार्य गुरु हरिदास के शिष्य थे।



Scanned with CamScanner

- प्रसिद्ध चित्रकार दसवंत किस मुगल सम्राट दरबार से सम्बंधित है? -अकबर
- जब्ता प्रणाली किस मुगल शासक के द्वारा प्रारम्भ की गई? -अकबर द्वारा

1576 ई. में मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप तथा अकबर के सेनापति मानसिंह के मध्य हल्दीघाटी का युद्ध हुआ, जिसमें महाराणा प्रताप की पराजय हुई।

- वर्ष 1601 में अकबर ने अन्तिम सैन्य अभियान कहाँ पर किया? -असीरगढ़ का किला (खानदेश)
- अकबर ने किस प्रसिद्ध चित्रकार को शीरी कलम की उपाधि प्रदान की? -अब्दुस्समद
- बीरबल के बचपन का नाम क्या था? -महेशदास
- ग्वालियर में स्थित गुजरी महल किसके द्वारा बनवाया गया था? -मानसिंह
- अकबर के दरबार में आने वाला प्रथम अंग्रेज कौन था? -रॉल्फ फिंच
- अकबर ने जरी कलम की उपाधि किसे प्रदान की थी? -मोहम्मद हुसैन
- लीलावती नामक गणित की पुस्तक का फारसी भाषा में अनुवाद किसने किया था? -फैजी
- ईस्ट इंडिया कम्पनी की स्थापना के समय भारत का शासक कौन था? -अकबर
- अबुल फजल की हत्या किसके द्वारा करवाई गयी थी? -जहाँगीर के द्वारा
- वर्ष 1582 में टोडरमल को कौन सा पद दिया गया था? -दीवान-ए-अशरफ

**अकबर की प्रमुख विजयें**

1. पानीपत का द्वितीय युद्ध (1556 ई), 2. गोण्डवाना विजय (1564 ई.) 3. चित्तौड़ विजय (1568 ई.) 4. मारवाड़ विजय (1570 ई.) 5. हल्दीघाटी का युद्ध (1576 ई.) 6. असीरगढ़ का युद्ध (1601 ई.)

**अकबर के नवरत्न**

| | | |
|---|---|---|
| • बीरबल (कविप्रिय) | : | नवरत्नों में सबसे बुद्धिमान माना जाता था। इनका जन्म 1528 ई. में कालपी के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। |
| • अबुल फजल | : | ये सूफी शेख मुबारक के पुत्र थे। इनका जन्म 1550 ई. में हुआ था। इन्होंने अकबरनामा व आइने-अकबरी जैसे महत्वपूर्ण ग्रन्थों की रचना की। |
| • तानसेन (रामतनु पाण्डेय) | : | मिर्जा तानसेन का जन्म ग्वालियर में हुआ था। ये संगीत कला में अत्यधिक निपुण थे। तानसेन को संगीत-सम्राट भी कहा जाता है। अकबर ने इन्हें कण्ठाभरण वाणी विलास की उपाधि से सम्मानित किया था। |
| • अब्दुर्रहीम खान-ए-खाना | : | ये बैरम खाँ के पुत्र थे। इन्होंने तुर्की में लिखे बाबरनामा का फारसी में अनुवाद किया था। अकबर ने इन्हें खान-ए-खाना की उपाधि से सम्मानित किया था। |
| • मानसिंह | : | ये आमेर के राजा भारमल के पौत्र तथा भगवानदास के पुत्र थे। इन्होंने अकबर के साम्राज्य विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनकी मृत्यु 1611 ई. में हुई थी। |
| • राजा टोडरमल | : | इनका जन्म अवध के जिला सीतापुर के (लहरपुर तहसील) में हुआ था। इनकी प्रसिद्धि का मुख्य कारण इनके द्वारा किये गये भूमि सुधार थे। दीवान-ए-अशरफ के पद पर रहकर इन्होंने भूमि-सुधार की सफल योजना चलायी। |
| • फैजी | : | ये अबुल फजल के बड़े भाई थे। इन्होंने महाभारत व श्री मद्‌भगवत गीता का फारसी अनुवाद किया था तथा अकबरनामा नामक ग्रंथ की रचना की थी। |
| • फकीर अजियोद्दीन | : | ये अकबर के निजी हकीम (चिकित्सक) एवं मित्र थे। अकबर ने प्रसन्न होकर इन्हें अपने नवरत्नों में शामिल कर लिया था। |
| • मुल्ला-दो-प्याजा | : | अपनी बुद्धिमानी व वाक्पटुता के कारण ये नवरत्नों में शामिल किए गए। इनको खाने में दो प्याजा व्यंजन अत्यधिक पसन्द होने के कारण इनका नाम अकबर ने मुल्ला-दो-प्याजा कर दिया। |

अकबर ने भारमल की पुत्री हरखाबाई अथवा जोधाबाई से विवाह किया था, जिससे जहाँगीर (सलीम) का जन्म हुआ।



Scanned with CamScanner

# जहाँगीर ( 1605-1627 ई. ) एवं शाहजहाँ ( 1627-1658 ई. )

- वर्ष 1605 ई. में जहाँगीर का राज्याभिषेक कहाँ किया गया? **-आगरा**
- जहाँगीर की पत्नी नूरजहाँ के बचपन का नाम क्या था? **-मेहरुन्निसा**

जहाँगीर से विवाह के पश्चात् नूरजहाँ ने **नूरजहाँ गुट** का निर्माण किया। इस गुट के प्रमुख सदस्य थे– **शाहजादा खुर्रम** (बाद में शाहजहाँ), **अस्मत बेगम** (नूरजहाँ की माँ), **एत्मादुद्दौला** या **मिर्जा गियास बेग** (नूरजहाँ का पिता) एवं **आसफ खाँ** (नूरजहाँ का भाई)। इस गुट का प्रभाव 1627 ई. तक रहा।

- मुगल चित्रकला किस शासक के काल में अपनी पराकाष्ठा पर पहुँची? **-जहाँगीर**
- द्वि-अस्पा एवं सिंह-अस्पा प्रथा किस शासक द्वारा प्रारम्भ की गयी थी? **-जहाँगीर**
- मुगलों एवं मेवाड़ के राणा के मध्य चित्तौड़ की संधि किस शासक के शासनकाल में हस्ताक्षरित हुई थी? **-जहाँगीर**
- ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने जहाँगीर के दरबार में सबसे पहले किसे भेजा था? **-विलियम हॉकिन्स**
- जहाँगीर ने इंग्लिश खान की उपाधि से किस अंग्रेज को सम्मानित किया था? **-विलियम हॉकिन्स**
- भारत में किस मुगल शासक का मकबरा स्थित नहीं है? **-बाबर** (काबुल) एवं **जहाँगीर** (लाहौर)
- जहाँगीर के दरबार में पक्षियों का सबसे बड़ा चित्रकार कौन था? **-उस्ताद मंसूर**
- मुगल बादशाहों में किसने अपनी आत्मकथा (Autobiography) फारसी में लिखी? **-जहाँगीर**

खुसरो शहजादा द्वारा जहाँगीर के विरुद्ध विद्रोह करने में सहायता देने के कारण जहाँगीर के द्वारा **सिख गुरु अर्जुन देव** को फाँसी दे दी गई थी।

- जहाँगीर के शासनकाल में प्रमुख चित्रकार कौन थे? **-उस्ताद मंसूर तथा अबुल हसन**
- आगरा में एत्मादुद्दौला का मकबरा किसके द्वारा बनवाया गया? **-नूरजहाँ**
- मरियम-उज-जमानी का मकबरा किसके द्वारा बनवाया गया? **-जहाँगीर**
- गुलाब से इत्र निकालने की विधि को किसके द्वारा विकसित किया गया? **-अस्मत बेगम** (नूरजहाँ की माँ)
- किस मुगल सम्राट ने अपनी राजधानी आगरा से दिल्ली स्थानांतरित की? **-शाहजहाँ**
- बलबन द्वारा प्रारम्भ किया गया दरबारी रिवाज सिजदा एवं पैबोस किस मुगल बादशाह ने समाप्त कर दिया था? **-शाहजहाँ**
- शाहजहाँ की पत्नी अर्जुमंद बानो बेगम को किस प्रचलित नाम से जाना जाता है? **-मुमताज महल**

मुमताज महल की मृत्यु के पश्चात् शाहजहाँ ने उनकी स्मृति में आगरा में **ताजमहल** का निर्माण करवाया। ताजमहल का वास्तुकार **उस्ताद अहमद लाहौरी** था।

- मयूर सिंहासन (तख्त-ए-ताऊस) का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया था? **-शाहजहाँ**
- शाहजहाँ के काल को किस इतिहासकार ने मुगल शासन का स्वर्ण युग कहा था? **-ए.एल. श्रीवास्तव**
- अपनी सहिष्णुता तथा उदारता के कारण किसे लघु अकबर के नाम से जाना जाता है? **-दारा शिकोह** (शाहजहाँ का पुत्र) को

उपनिषदों का फारसी अनुवाद शाहजहाँ के शासनकाल में शहजादे **दारा शिकोह** ने **सिर्र-ए-अकबर** शीर्षक के नाम से किया था।

- स्थापत्य कला का स्वर्णकाल किस मुगल शासक के शासन काल को माना जाता है? **-शाहजहाँ**
- हिन्दू तथा ईरानी वास्तुकला का सर्वप्रथम समन्वय हमें किस इमारत देखने को मिलता है? **-ताजमहल में**
- ईरान के शाह तथा मुगल शासकों के मध्य विवाद का मुख्य क्षेत्र क्या था? **-कंधार**
- शाहजहाँ को कोहिनूर हीरा किसके द्वारा उपहार में दिया गया था? **-मीर जुमला**
- दिल्ली में स्थित लाल किले का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया था? **-शाहजहाँ**
- शाहजहाँ द्वारा शाहबुलंद इकबाल की उपाधि किसे प्रदान की गई था? **-दारा शिकोह**

जहाँगीर की आत्मकथा **तुजुक-ए-जहाँगीर** नाम से प्रसिद्ध है, जिसे पूर्ण करने का श्रेय **मौतबिंद खाँ** को दिया जाता है।



Scanned with CamScanner

# औरंगजेब ( 1658-1707 ई. )

- शासक बनने से पूर्व औरंगजेब कहाँ का सूबेदार था?
  -दक्कन का
- वर्ष 1658 में सामूगढ़ का युद्ध किनके मध्य हुआ?
  -औरंगजेब तथा दाराशिकोह
- मुगल सेना में सर्वाधिक हिन्दू सेनापति किस बादशाह के शासन काल में अंतर्गत थे? -औरंगजेब
- 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु होने के पश्चात् कौन सम्राट बना? -बहादुर शाह प्रथम
- ईस्ट इंडिया कम्पनी के किस अँग्रेज गवर्नर को औरंगजेब द्वारा भारत से निष्कासित किया गया था? -सर जॉन चाइल्ड
- बीबी के मकबरे का निर्माण किसने करवाया था?
  -औरंगजेब ने
- किस मुगल शहजादे ने श्रीनगर (गढ़वाल राज्य) में आश्रय लिया था? -सुलेमान शिकोह
- किस मुगल बादशाह को जिंदा पीर कहा जाता था?
  -औरंगजेब
- औरंगजेब ने बीजापुर की विजय किस वर्ष की थी?
  - वर्ष 1686 में
- 1665 ई. में शिवाजी ने किस मुगल सेनापति के साथ पुरंदर की संधि पर हस्ताक्षर किए थे? -जयसिंह

| मुगल कालीन भू-राजस्व प्रणाली |
|---|
| • खेत बँटाई - खेत में ही अनाज का बँटवारा |
| • लंक बटाई - अनाज को खलिहान से लाकर बिना भूसा निकाले बँटाई |
| • रास बटाई- अनाज से भूसा निकालकर बँटाई |

| शासक | वजीर और वकील |
|---|---|
| • बाबर | मेहदी ख्वाजा |
| • हुमायूँ | निजामुद्दीन अहमद व हिन्दूबेग |
| • अकबर | बैरम खाँ (सर्वाधिक शक्तिशाली) |
| • जहाँगीर | यह पद रिक्त था |
| • शाहजहाँ | यह पद समाप्त हो गया |

- जजिया कर किस मुगल शासक के काल में पुनः लगाया गया था? -औरंगजेब
- औरंगजेब ने जोधपुर के शासक जसवंत सिंह को 1658 ई. के धरमत के युद्ध में पराजित किया था, धरमत किस राज्य में स्थित है? -मध्य प्रदेश (उज्जैन)
- किस मुगल बादशाह का राज्याभिषेक दो बार हुआ था?
  -औरंगजेब का
- औरंगज़ेब द्वारा चलाये गये जिहाद का अर्थ क्या था?
  -दारुल-इस्लामी

औरंगजेब के काल में बुंदेला सरदार छत्रसाल ने विद्रोह किया था। इसके काल में सतनामी विद्रोह हुआ था।

- किस मकबरे को द्वितीय ताजमहल कहा जाता है?
  -राबिया-उद्-दौरानी का मकबरा

औरंगजेब ने रबिया-उद्-दौरानी का मकबरा (बीबी का मकबरा) औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में बनवाया। इसे ताजमहल की फूहड़ नकल भी कहा जाता है।

- दिल्ली के लाल किले में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण किसने करवाया था? -औरंगजेब ने
- औरंगज़ेब ने दक्षिण में किन दो राज्यों को विजित किया था?
  -बीजापुर एवं गोलकुंडा

**मुगलकालीन सूबों की संख्या**

| शासक का नाम | सूबों की संख्या | नए जुड़े सूबे |
|---|---|---|
| • अकबर | 12 सूबे (आइन-ए अकबरी में वर्णित) (12+3=15) | 3 (बरार, खानदेश एवं अहमद नगर) |
| • जहाँगीर | 15 सूबे (कांगड़ा को जीतकर लाहौर सूबे में मिलाया) | |
| • शाहजहाँ | 18 सूबे | 3 (कश्मीर, थट्टा और उड़ीसा) |
| • औरंगजेब | 20 अथवा 21 सूबे | 2 (बीजापुर 1686, गोलकुण्डा 1687) |

औरंगजेब ने हिन्दू त्यौहारों को सार्वजनिक रूप से मनाए जाने पर तथा सार्वजनिक नृत्य व संगीत पर प्रतिबंध लगा दिया था।



Scanned with CamScanner

# मुगलकालीन प्रशासन

- किस शासक ने राम-सीता की आकृतियों वाले रामसिय देवनागरी लेख से युक्त सिक्के चलवाए थे? -अकबर ने
- मुगल शासन में प्रचलित ताँबे का सिक्का क्या कहलाता था? -दाम
- मुगल प्रशासन के अंतर्गत जिले को किस नाम से जाना जाता था? -सरकार
- मध्यकाल में बँटाई शब्द का अर्थ क्या था? -लगान निर्धारण की विधि

विद्वानों को दी जाने वाली राजस्व मुक्त अनुदान भूमि को मुगल प्रशासन में मदद-ए-माश शब्द से इंगित किया जाता था।

- दिल्ली का वह शिक्षा केंद्र जो मदरसा-ए-बेगम कहलाता था, किसके द्वारा स्थापित किया गया था? -माहम अनगा द्वारा
- मुगलकालीन भारत में राज्य की आय का प्रमुख स्रोत क्या था? -भू-राजस्व
- किस मुगल सम्राट ने तम्बाकू के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया था? -जहाँगीर
- किस विदेशी यात्री को मुगल सेना में किसे चिकित्सक नियुक्त किया गया था? - निकोलाओ मनूची को
- मुगलकाल में सेना का प्रधान कौन था? -मीर बख्शी

## मनसबदारी प्रथा

| | |
|---|---|
| • संस्थापक – अकबर | • प्रारम्भ – 1575 ई. |
| • अर्थ – पद या श्रेणी | • उद्देश्य – प्रशासन का संचालन |

- अकबर की मनसबदारी व्यवस्था किस पर आधारित थी? -मंगोलों की दशमलव पद्धति पर
- मुगलकाल में राज्य अधिकारियों को वेतन के रूप में जो भू-राजस्व आवंटित किया जाता था उसे क्या कहा जाता था? -जागीर
- मनसबदारी के संदर्भ में दु-अस्पा (जिनके पास दो घोड़े) तथा सिंह अस्पा (जिनके पास तीन घोड़े) व्यवस्था को लागू करने वाला मुगल शासक कौन था? -जहाँगीर

जात किसी मनसबदार के व्यक्तिगत वेतन और उसके दर्जे का सूचक था और सवार उसके द्वारा रखे जाने वाले घुड़सवारों की संख्या का सूचक था।

## मुगल कालीन उच्च अधिकारी

| विभाग | उच्च अधिकारी |
|---|---|
| • दीवान-ए-इंशा | सुल्तान के आदेश को लिखने एवं डाकसम्बंधी कार्य |
| • दीवान-ए-वजारत | लगान, अर्थव्यवस्था, राज्य के आय-व्यय, मंत्रियों के कार्यों की देख-रेख आदि |
| • दीवान-ए-कजा | न्याय विभाग (काजी-उल-कुजात) |
| • दीवान-ए-बरीद | गुप्तचर विभाग बरीद-ए-मुमालिक के अधीन |
| • दीवान-ए-आरिज | सेना की भर्ती, रसद, शिक्षा, संगठन की देख-रेख |
| • दीवान-ए-रिसालत | विदेश विभाग |
| • मुहतसिब | ये प्रजा के नैतिक आचरण को नियंत्रित करता था। |
| • वाकिया-नवीस | यह समाचार लेखक होता था। |
| • खुफिया-नवीस | यह गुप्त पत्र लेखक होते थे। |
| • दरोगा-ए-डाक | यह गुप्तचर विभाग का प्रमुख होता था। इसके अतिरिक्त यह पत्र व्यवहार का प्रभारी होता था। |
| • दीवान-ए-तन | यह वेतन और जागीरों से सम्बंधित मामलों का निपटारा करता था। |
| • मीर-आतिश | यह शाही तोपखाने का प्रधान था। |
| • मीर-ए-बहर | यह जल सेना का प्रधान होता था। |
| • हरकारा | ये जासूस व संदेशवाहक दोनों होते थे। |
| • वितिक्ची | अकबर ने अपने शासनकाल के 19वें वर्ष दरबार की सभी घटनाओं व खबरों को लिखने हेतु इनकी नियुक्ति की थी। |
| • मुशरिफ | यह राज्य की आय व्यय का लेखा-जोखा रखता था। |
| • नाजिर-ए-बयूतात | यह शाही कारखानों का अधीक्षक होता था। |

मुगल मिश्रित सैनिक टुकड़ियों में ईरानी, तूरानी, मुगल, भारतीय, अफगान व मुसलमान समान संख्या में रखने की व्यवस्था थी।



Scanned with CamScanner

# मुगलकालीन स्थापत्य, संगीत, चित्रकला एवं साहित्य

- अनवर-ए-सुहैली नामक ग्रंथ किस भारतीय ग्रंथ का अनुवाद है? -पंचतंत्र
- मुगलकाल में प्रचलित राज भाषा कौन सी थी? -फारसी
- औरंगजेब कौन सा वाद्ययंत्र बजाने में कुशल था? -वीणा

बाबर की पुत्री गुलबदन बेगम ने हुमायूँनामा नामक पुस्तक की रचना की तथा मुगलकाल के अनेक ऐतिहासिक विवरण लिखे।

- उत्तरी भारत में किसको आधुनिक संगीत का अग्रदूत कहा जाता है- -मुहम्मद रिजा खाँ
- दास्तान-ए-अमीर हम्जा का चित्रांकन किसके द्वारा किया गया? -अब्दुस्समद

| राजकवि | शासक |
|---|---|
| • मुल्ला गजाली मशद्री | अकबर |
| • तालिब अमूली | जहाँगीर |
| • अबू तामिल कलीम | शाहजहाँ |
| • कादिसी | शाहजहाँ |

- मुगल चित्रकला की सबसे महत्वपूर्ण कृति कौन सी है? -हम्जानामा
- नस्तलिक क्या है?
  -एक प्रकार की फारसी लिपि थी, जो मध्यकालीन भारत में प्रयोग की जाती थी।
- मुगल शैली चित्रकला का प्रारम्भ किस शासक के समय हुआ था? -हुमायूँ
- मुगलकाल में जिस मदरसे ने मुस्लिम न्यायशास्त्र की पढ़ाई में विशिष्टता प्राप्त की वह कहाँ स्थित था? -लखनऊ में

शाहजहाँ के शासनकाल में मस्जिद निर्माण कला अपनी पराकाष्ठा पर पहुँच गयी थी। इसके दो उत्कृष्ट उदाहरणों में से पहली, आगरा के किले की मोती मस्जिद, जो ताजमहल की तरह संगमरमर की बनी हुई है। दूसरी, लाल बलुआ पत्थर से बनी दिल्ली की जामा मस्जिद है, जिसमें एक विशालकाय दरवाजा, ऊँची पतली मीनारें और अनेक गुंबद इस मस्जिद की मुख्य विशेषताएँ हैं।

**मुगलकालीन स्थापत्य के प्रमुख उदाहरण**

| इमारतें | स्थान | शासक |
|---|---|---|
| • शेरशाह का मकबरा | सासाराम (बिहार) | शेरशाह |
| • हुमायूँ का मकबरा | दिल्ली | हाजी बेगम |
| • जहाँगीरी महल | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • जहाँगीर महल | आगरा | अकबर |
| • अकबरी महल | आगरा | अकबर |
| • आगरा का किला | आगरा | अकबर |
| • दीवान-ए-आम | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • दीवान-ए-खास | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • पंचमहल (हवामहल) | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • मरियम महल | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • जामा मस्जिद | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • तुर्की सुल्तान का महल | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • बुलन्द दरवाजा | फतेहपुर सीकरी | अकबर |
| • अकबर का मकबरा | सिकन्दरा | जहाँगीर |
| • ऐतमादुद्दौला का मकबरा | आगरा | नूरजहाँ |
| • जहाँगीर का मकबरा | शहादरा (लाहौर) | नूरजहाँ |
| • दीवान-ए-खास | आगरा | शाहजहाँ |
| • दीवान-ए-आम | आगरा | शाहजहाँ |
| • शीश महल | आगरा | शाहजहाँ |
| • खास महल | आगरा | शाहजहाँ |
| • नगीना मस्जिद | आगरा | शाहजहाँ |
| • जामा मस्जिद | आगरा | शाहजहाँ |
| • मच्छी भवन | आगरा | शाहजहाँ |
| • लाल किला | दिल्ली | शाहजहाँ |
| • मोती मस्जिद | आगरा | शाहजहाँ |
| • जहानाबाद | दिल्ली | शाहजहाँ |
| • जामा मस्जिद | दिल्ली | शाहजहाँ |
| • दीवान-ए-आम | दिल्ली | शाहजहाँ |
| • दीवान-ए-खास | दिल्ली | शाहजहाँ |

हुमायूँ के मकबरे (दिल्ली) में पहली बार चारबाग पद्धति का प्रयोग तथा दोहरे गुम्बद का निर्माण किया गया था।



Scanned with CamScanner

## मुगलकालीन साहित्य

| पुस्तक/अनुवाद | भाषा | लेखक का नाम |
|---|---|---|
| रामायण | फारसी | बदायूँनी |
| भगवद् गीता | फारसी | राजा टोडरमल |
| योग वशिष्ठ | फारसी | दारा शिकोह |
| अथर्ववेद | फारसी | सरहिन्दी |
| पंचतन्त्र | फारसी | मौलाना शाह मुहम्मद शाहाबादी |
| लीलावती | फारसी | फैजी |
| कालिया दमन | फारसी | अबुल फजल |
| बावन उपनिषद् | फारसी | दारा शिकोह |
| अकबरनामा | फारसी | अबुल फजल |
| बाबरनामा | फारसी | अब्दुल रहीम खान-ए-खाना |
| हुमायूँनामा | फारसी | गुलबदन बेगम |
| तुजुके बाबरी (बाबरनामा) | तुर्की | बाबर |
| तुजुके जहाँगीरी | फारसी | जहाँगीर, मौतमिद खाँ, मुहम्मद हादी |
| मुन्तखब-उल-तवारीख | फारसी | अब्दुल कादिर बदायूँनी |
| इकबालनामा-ए-जहाँगीरी | फारसी | मौतमिद खाँ बख्शी |
| मआसिरे-जहाँगीरी | फारसी | ख्वाजा कामगार |
| तबकाते-अकबरी | फारसी | निजामुद्दीन अहमद |
| शाहजहाँनामा | फारसी | इनायत खाँ |
| नुस्खा-ए-दिलकुशा | फारसी | खफी खाँ |
| आलमगीरनामा | फारसी | मिर्जा मुहम्मद कासिम |
| मआसिर-ए-आलमगीरी | फारसी | साकी मुश्तैद खाँ |
| फतवा-ए-आलमगीरी | फारसी | शेख निजामुद्दीन अहमद |
| पादशाहनामा | फारसी | मोहम्मद अमीन |

- मुगल काल का एकमात्र गुम्बदविहीन मकबरा कौन सा है?
  -अकबर का मकबरा

जहाँगीर के शासनकाल के अंतिम वर्षों में केवल संगमरमर की इमारतें बनवाने और दीवारों को अर्द्ध मूल्यवान पत्थरों से बनी फूल-पत्तियों की आकृतियों से सजाने का चलन आरम्भ हुआ। सजावट की इस पद्धति को पित्रादुरा कहते हैं।

### हुमायूँ का मकबरा महत्वपूर्ण तथ्य

- मकबरे का निर्माण 1565 ई. में हुमायूँ की पत्नी हमीदाबानो बेगम ने प्रारम्भ करवाया।
- दोहरे गुम्बद वाला यह भारत का पहला मकबरा है।
- चारबाग पद्धति का प्रयोग पहली बार हुमायूँ के मकबरे में हुआ। जबकि भारत में पहला बाग युक्त मकबरा सिकंदर लोदी का मकबरा था।
- इस मकबरे को ताजमहल का पूर्वगामी माना जाता है।
- हुमायूँ के मकबरे में दफनाये गये मुगल घराने के लोगों में हाजीबेगम, हमीदाबानो बेगम, हुमायूँ की छोटी बेगम, दारा शिकोह, जहाँदारशाह, फर्रूखसियर, रफीउद्दरजात, और आलमगीर द्वितीय प्रमुख हैं।
- दिल्ली के अंतिम मुगल बादशाह बहादुरशाह जफर और उसके तीन शहजादों को अंग्रेज लेफ्टीनेंट हडसन ने 1857 ई. में हुमायूँ के मकबरे से गिरफ्तार किया था।

- जहाँगीर के शासनकाल में प्रसिद्ध चित्रकार मंसूर को किस उपाधि से सम्मानित किया गया था? -नादिर-उल-उस्र
- प्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन का मकबरा कहाँ पर स्थित है?
  -ग्वालियर में
- रामचन्द्रिका एवं रसिकप्रिया की रचना किसने की थी?
  -केशव दास ने

फतेहपुर सीकरी का निर्माण लगभग 15 वर्षों में हुआ था। इसके महत्वपूर्ण भवन खास महल, हवा महल, हिरन मीनार, दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खास, जोधाबाई का महल, शेख सलीम चिश्ती का मकबरा, पंचमहल, बुलंद दरवाजा, बीरबल का महल इत्यादि हैं।

- मुगल चित्रकारी किसके शासनकाल में अपनी पराकाष्ठा पर पहुँची? -जहाँगीर के शासन में
- मुगल चित्रकला शैली में किन शैलियों का सम्मिश्रण है?
  -भारतीय, ईरानी एवं फारसी शैलियों का
- पित्रादुरा तकनीक का प्रयोग किसके मकबरे में हुआ है, जो ईरानी शैली में निर्मित है? -एतमादुद्दौला

पहाड़ी स्कूल, राजपूत स्कूल, मुगल स्कूल और काँगड़ा स्कूल चित्रकला की विभिन्न शैलियों को प्रदर्शित करते हैं।


- संस्कृत में अल्लोयनिषद् नामक एक छोटे उपनिषद् की रचना किसने करवायी थी? -अकबर ने

भारतीय शास्त्रीय संगीत का फारसी में सबसे अधिक पुस्तकों की रचना औरंगजेब के शासनकाल में हुई।



Scanned with CamScanner

# मराठा राज्य संघ




- मोडी लिपि का प्रयोग किसके लेखों में किया जाता था? -मराठों के
- सरंजामी प्रथा का सम्बंध किससे है?-मराठा भू-राजस्व प्रथा

मराठा साम्राज्य में शिवाजी के प्रशासन में मंत्रिपरिषद् को अष्टप्रधान के नाम से जाना जाता था।

- शिवाजी ने अपनी राजधानी कहाँ स्थापित की? -रायगढ़
- तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध में पेशवा ने किसके सामने समर्पण किया था? -जॉन मैल्कम

पानीपत का तीसरा युद्ध मराठा और अफगान शासक अहमद शाह अब्दाली के मध्य वर्ष 1761 में लड़ा गया, जिसमें मराठों की पराजय हुई।

- वर्ष 1700 से आगे मुगल साम्राज्य के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किस मराठा संरक्षिका ने किया? -ताराबाई
- शम्भा जी के पश्चात् मराठा शासन को किसने सरल और कारगर बनाया? -बालाजी विश्वनाथ
- औरंगजेब की मृत्यु के समय मराठा नेतृत्व किनके हाथों में था? -ताराबाई

बीजापुर के सुल्तान ने अफजल खाँ नामक सरदार को वर्ष 1659 में शिवाजी को बंदी बनाने के लिए भेजा था। परन्तु शिवा जी ने इसे ही शिविर में जाकर उसकी हत्या कर दी।

- शिवाजी ने मुगलों को किस युद्ध में हराया था? -सालहर/सल्हेर

## शिवाजी के अष्टप्रधान

| मंत्री | विभाग |
|---|---|
| • मजूमदार (अमात्य) | यह वित्त मंत्री था। |
| • सुमंत या दबीर | विदेश विभाग दरबारी शिष्टाचार |
| • शुरू-नवीस या चिटनिस (सचिव) | पत्राचार विभाग |
| • पेशवा (प्रधानमंत्री) | अष्ट प्रधान का प्रमुख, जो समस्त प्रशासन का निरीक्षण करता था। यह नागरिक व सैनिक मामलों का सर्वोच्च अधिकारी था। |
| • वाकिया नवीस मंत्री | यह आधुनिक गृहमंत्री के समान था। |
| • न्यायाधीश | न्यायविभाग |
| • सेनापति या सर-ए-नौबत | सेना का प्रधान |
| • पंडितराव | धर्म व दान विभाग |

शिवाजी के अधीन अष्टप्रधान के सभी पद न तो स्थायी थे और न ही वंशानुगत बल्कि ये राजा की इच्छापर्यंत थे।



Scanned with CamScanner

# विविध

- मयूर सिंहासन पर बैठने वाला अंतिम मुगल बादशाह कौन था? -मुहम्मद शाह (रंगीला)
- अंग्रेजों को बंगाल में शुल्क-मुक्त व्यापार की सुविधा किस मुगल सम्राट ने प्रदान की थी? -फर्रुखसियर ने

> कश्मीर के शासक जैन-उल-आबदीन ने सर्वप्रथम जजिया कर समाप्त किया था। इसे कश्मीर अकबर भी कहा जाता है।

- किस स्थान को भारत का शिराज कहा जाता था? -जौनपुर
- सिर्र-ए-अकबर (महान रहस्य) की रचना किसने की थी? -दारा शिकोह ने
- हैदराबाद के स्वतंत्र राज्य का संस्थापक कौन था? - चिनकिलिच खाँ
- नादिर शाह के आक्रमण के समय मुगल शासक कौन था? -मुहम्मद शाह

> मुहम्मद शाह के शासनकाल में हिजड़ों तथा महिलाओं के एक वर्ग का राजकाज में सर्वाधिक प्रभुत्व था।

- बहमनी राज्य की स्थापना किसने की थी? -हसन गंगू ने (1347 ई.)
- मुगल काल में किस बन्दरगाह को बाब-उल-मक्का (मक्का द्वार) कहा जाता था? -सूरत बन्दरगाह
- हितोपदेश का फारसी अनुवाद किसने किया था?-ताजुलमाली ने

> जयसिंह द्वितीय ने दिल्ली में खगोलीय वेधशाला का निर्माण करवाया, जिसे वर्तमान में जंतर-मंतर कहा जाता है।

- विश्व का सबसे बड़ा गुम्बद कौन सा है? -गोल गुम्बद (बीजापुर)
- मुस्लिम शासकों में किसे उसकी प्रजा जगतगुरु कहकर पुकारती थी? -इब्राहिम शाह द्वितीय को
- अंतिम मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर द्वितीय के पिता का नाम क्या था? -अकबर शाह द्वितीय

> वज़ीर गाज़ीउद्दीन ने दिल्ली में मुगल बादशाह शाह आलम द्वितीय को प्रवेश नहीं करने दिया था।

- मुगलों ने नवरोज का त्यौहार किससे ग्रहण किया? -पारसियों से
- प्रत्येक वर्ष कृषि की जाने वाली उपजाऊ भूमि को क्या कहा जाता था? -पोलज

**सिख सम्प्रदाय के 10 गुरु**

| | गुरु | काल (वर्ष) | प्रमुख उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1. | नानक | 1469-1539 | सिख धर्म के संस्थापक |
| 2. | अंगद | 1539-1552 | गुरुमुखी लिपि के जनक, विवाह पद्धति लवन का प्रचलन। |
| 3. | अमरदास | 1552-1574 | सिख धर्म के प्रसार हेतु 22 गद्दियों का निर्माण। |
| 4. | रामदास | 1574-1581 | अमृतसर की स्थापना की |
| 5. | अर्जुन सिंह | 1581-1606 | गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन व अमृतसर में हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) का निर्माण, इन्हें जहाँगीर ने फाँसी दे दी थी। |
| 6. | हरगोविन्द सिंह | 1606-1645 | अकाल तख्त की स्थापना तथा सिखों को एक योद्धा जाति में प्रशिक्षित किया। |
| 7. | हर राय | 1645-1661 | मुगलों के उत्तराधिकार युद्ध में भाग लिया व अपने पुत्र रामराय को मुगल दरबार में भेजा। |
| 8. | हरकिशन | 1661-1664 | अल्प वयस्क अवस्था में मृत्यु। |
| 9. | तेगबहादुर | 1664-1675 | औरंगजेब द्वारा फाँसी दी गई। |
| 10. | गुरु गोविन्द सिंह | 1675-1708 | ये सिक्खों के दसवें एवं अन्तिम गुरु थे। इनका जन्म पटना (1666 ई.) में हुआ था। इन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की। सिक्खों के लिए 5 ककार (केश, कंघा कृपाण, कच्छा एवं कड़ा) अनिवार्य किए गुरु पद की समाप्ति की तथा गुरुग्रन्थ साहिब को ही गुरू घोषित किया। |

> सिक्खों के चौथे गुरु संत रामदास ने अकबर द्वारा दी गयी 500 बीघा जमीन पर अमृतसर नगर की स्थापना की थी।



Scanned with CamScanner